__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-                                   Class- VI
Subject- Hindi Language                 Page - 1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

अनौपचारिक पत्र
अपने मित्र को परीक्षा में असफल होने पर सांत्वना पत्र लिखिए :-

मकान नं० 2264
सेक्टर - 40 'सी',
चण्डीगढ़ ।
दिनांक - 25 जुलाई, 2022
प्रिय मित्र,
सादर नमस्कार ।

आज ही मुझे अजय से पता चला कि तुम इस बार परीक्षा में सफल नहीं हो पाए। मुझे यह समाचार सुनकर दुख तो बहुत हुआ पर आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि हम सभी जानते हैं कि इस सत्र में तुम काफ़ी बीमार रहे तथा लगभग 4-5 महीने तो विद्यालय ही नहीं जा सके। मित्र! इतने लंबे समय तक विद्यालय न जा पाने के कारण पढ़ाई पर प्रभाव पड़ना तो स्वाभाविक था। फिर भी तुमने हिम्मत नहीं हारी और वार्षिक परीक्षा में बैठने का साहस दिखाया, जो अत्यन्त प्रशंसनीय है। तुम्हारे परीक्षा परिणाम को असफलता का नाम देना उचित नहीं। तुमने किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी। यदि तुम्हारे पास थोड़ा-सा समय और होता, तो अवश्य सफलता प्राप्त करते।

मित्र! मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि वह तुम्हें शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ कर दें तथा भविष्य

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date -                                   Class - VI
Subject - Hindi Language                   Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

में भी स्वस्थ रखें, जिससे तुम अगले वर्ष प्रथम स्थान पाकर इस वर्ष की कमी को पूरा कर सको। मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि तुम अपने मन में किसी प्रकार की निराशा का भाव उत्पन्न नहीं होने दोगे और अगले सत्र के लिए अभी से तैयारी आरंभ कर दोगे। मैं शीघ्र ही तुमसे मिलने आऊँगा।
मेरी ओर से पूज्य चाचा जी, चाची जी को चरण स्पर्श करना।

तुम्हारा मित्र,
अभय

Last page.

Scanned with CamScanner